# समाज कार्य परामर्श में स्नातकोत्तर उपाधि

(एम.एस.डब्ल्यू. परामर्श द्वितीय वर्ष)

## सत्रीय कार्य : 2026–2027

### पाठ्यक्रम शीर्षक

एम.एस.डब्ल्यू–012 : जीवन की विशेषताओं और चुनौतियों का परिचय
एम.एस.डब्ल्यू–013 : परामर्श के मनोवैज्ञानिक आधार का परिचय
एम.एस.डब्ल्यू–014 : परामर्श में सामाजिक वैयक्तिक कार्य की प्रासंगिकता
एम.एस.डब्ल्यू.–015: परामर्श के मूल तत्व
एम.एस.डब्ल्यू.–016: परामर्श के क्षेत्र

अध्ययन केंद्र में सत्रीय कार्य जमा कराने की अन्तिम तारीखः
जुलाई,2026 सत्र –31 मार्च,2027
जनवरी,2027 सत्र –30 सितम्बर,2027

इग्नू
जन-जन का विश्वविद्यालय

समाज कार्य विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110 068

प्रिय शिक्षार्थी,

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के समाज कार्य (परामर्श) में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (द्वितीय वर्ष)में आपका स्वागत है। आपने समाज कार्य में स्नातकोत्तर होने के लिए यह कार्यक्रम एक उद्देश्य के साथ चुना है ताकि आप मानवजाति की सामाजिक दशाएं सुधार सकें।समाज कार्य (परामर्श) कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए, कृपया निम्नलिखित बातों का पालन करें:

अपना अध्ययन आरंभ करने से पहले कार्यक्रम दर्शिका को पढ़िए। इससे इग्नू के समाज कार्य (परामर्श)कार्यक्रम का अध्ययन करने के बारे में आपके अधिकतर संदेह दूर हो जाएंगे।

- आप अपने सत्रीय कार्य अपने अध्ययन केंद्र में समय पर जमा कराएं।
- अपने अध्ययन केंद्र और क्षेत्रीय केंद्र के संपर्क में रहें।
- क्षेत्र कार्य पर्यवेक्षण के लिए अध्ययन केंद्र में अपने क्षेत्र कार्य पर्यवेक्षक से मिलें।
  परीक्षा फार्म समय पर भरें।

सत्रीय कार्य एक खुली किताब है और हम इग्नू में प्रत्येक पाठ्यक्रम के समग्र ग्रेड की गणना करते समय सत्रीय कार्यों के लिए30% भारित देते हैं।**सत्रीय कार्य हस्तलिखित और स्वहस्ताक्षरित होने चाहिए।** सत्रीय कार्य–प्रतिक्रिया का एक अच्छा सेट तैयार करने के लिए आप उन सभी अध्यायों को पढ़े जिनमें से सवाल तैयार किए गए हैं। आप अपने सहकर्मी, शैक्षिक परामर्शदाताओं और प्रोफेसरों के साथ चर्चा करें, जिन्होंने आपको पढ़ाया है। मसौदा तैयार करें, उस पर आवश्यक सुधार करें और तब अंतिम संस्करण अध्ययन केंद्र में प्रस्तुत करने के लिए तैयार करें।

हर सवाल का जवाब देने के लिए नया पृष्ठ शुरू करें। लंबे और मध्यम जवाब देने के लिए एक परिचय, मुख्य भाग के लिए एक उप–शीर्षक और एक निष्कर्ष हो। प्रत्येक अनुच्छेद के बीच एक लाईन छोड़ें। आपके जवाब विशिष्ट हों और आपके अपने शब्दों में हो, यह किताब की नकल ना हो। आपके उत्तर इग्नू के पठन सामग्री पर आधारित हों। सत्रीय कार्य आपके सत्रांत परीक्षा की तैयारी है, इसलिए इसे गंभीरतापूर्वक लें।

**डॉ. एन. रम्या**
**(कार्यक्रम समन्वयक)**

# परामर्श में सामाजिक वैयक्तिक कार्य की प्रासंगिकता
## सत्रीय कार्य

**पाठ्यक्रम कोड : एम.एस.डब्ल्यू–14**
**कुल अंक–100**

**नोट :** i) सभी **पांचों** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
ii) सभी **पांचों** प्रश्नों के अंक समान हैं।
iii) प्रश्न सं. **1** और **2** के उत्तर, प्रत्येक के **600** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।

1) एक पेशेवर विधि के रूप में समाज कार्य की उत्पत्ति और विकास का पता लगाएं। इसकी प्रक्रियाओं और ज्ञान आधार की चर्चा करें। 20

या

सामाजिक वैयक्तिक कार्य अभ्यास के दायरे की जांच करें। वैयक्तिक कार्य के माध्यम से संबोधित समस्याओं की प्रकृति पर चर्चा करें और इसके अनुप्रयोग की व्याख्या करें। 20

2) समाज कार्य में प्रलेखन के महत्व को समझाइए। पेशेवर व्यवहार में इसके उद्देश्य और कार्यों पर चर्चा करें। 20

या

पारिवारिक व्यवस्थाओं में सामाजिक वैयक्तिक कार्य की प्रकृति, दायरे और अनुप्रयोग पर चर्चा करें। 20

3) निम्नलिखित में से किन्हीं दो का उत्तर लगभग 300 शब्दों में दीजिए:

क) सामाजिक वैयक्तिक कार्य (व्यक्ति, समस्या, स्थान और प्रक्रिया) के चार घटकों का वर्णन करें और वैयक्तिक कार्य अभ्यास में उनके महत्व की व्याख्या करें। 10

ख) सामाजिक निदान को परिभाषित करें। इसके उद्देश्यों और सामाजिक निदान में शामिल विभिन्न चरणों की व्याख्या करें। 10

ग) प्रभावी समाज कार्य अभ्यास के लिए आवश्यक प्रमुख साक्षात्कार कौशल और तकनीकों पर चर्चा करें। 10

घ) स्वास्थ्य देखभाल व्यवस्था में एक सामाजिक वैयक्तिक कार्यकर्ता की प्रमुख भूमिकाओं पर चर्चा करें। 10

4) निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लगभग 150 शब्दों में दें:

क) सामाजिक वैयक्तिक कार्य और परामर्श के बीच समानताओं और अंतरों को समझाइए। 5

ख) सामाजिक वैयक्तिक कार्य अभ्यास की रूपरेखा पर संक्षेप में चर्चा करें। 5

ग) सामाजिक वैयक्तिक कार्य में पेशेवर साक्षात्कार आयोजित करने की प्रक्रिया की व्याख्या करें और इसके प्रमुख चरणों का वर्णन करें। 5

घ) सामाजिक वैयक्तिक कार्य साक्षात्कार आयोजित करने से पहले आवश्यक योजना और तैयारी को सूचीबद्ध करें। 5

ङ) समाज कार्य साक्षात्कार के नैदानिक उद्देश्यों का वर्णन करें। 5

च) सामाजिक वैयक्तिक कार्य साक्षात्कार की विशेष विशेषताओं को समझाइए। 5

5) निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच पर लगभग 100 शब्दों में संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए:

क) समाज कार्य में मैरी रिचमंड का योगदान 4

ख) मामला प्रबंधन 4

ग) चिकित्सा मॉडल बनाम कल्याण मॉडल 4

घ) गोपनीयता 4

ङ) संरचित और असंरचित साक्षात्कार 4

च) अभिलेखन 4

छ) गृह भ्रमण 4

ज) सामाजिक वैयक्तिक कार्य में मूल्यांकन 4